K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR
ASSESSMENT - V (2022-23)

GRADE: V **MARKS: 40**
SUB: HINDI **TIME: 2 HOURS**

सूचनाएँ = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) कहानी लेखन और पत्रलेखन में से **<u>कोई एक प्रश्न</u>** लिखना आवश्यक है।
४) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

प्रश्न१) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।
नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।

क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। **(३अंक)**
१) मन का विश्वास रगों में साहस भरता है।
२) लहरों से डरकर नौका पार होती है।
३) कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।

ख) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(१अंक)**
१) दाना लेकर कौन चलती है?

ग) मेरी राय (स्व-अध्ययन पर प्रश्न) **(२अंक)**
१) असफलता से सफलता की ओर जाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? इस पर अपने विचार लिखिए।

प्रश्न२) क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। **(४अंक)**
१) पर्व = २) लक्ष्य =

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए। **(४अंक)**
१) दादा जी अहान की कौन-सी बातों से प्रभावित हुए?
२) पी. वी. सिंधु का साक्षात्कार क्यों लिया गया था?

ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। **(५अंक)**
१) तमिलनाडु का प्रसिद्ध त्योहार कौन-सा है?
२) पी. वी. सिंधु का अगला लक्ष्य कौन-सा है?
३) सफल होने के लिए किसका त्याग करना चाहिए?
४) दादा जी का नाम क्या है?
५) कौन-से देशों के जूनियर खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं? (कोई दो नाम)

प्रश्न३) निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

परोपकार का शाब्दिक अर्थ है - दूसरों का भला करना। पेड़ दूसरों के लिए फल देते हैं। यहाँ तक की नदियाँ भी अपना पानी खुद नहीं पीती। परोपकारी लोग दूसरों के कल्याण के लिए धन का संचय करते हैं। मानव जीवन भी एक दूसरे के सहयोग पर निर्भर है। दान का सुख लौकिक नहीं, अलौकिक है। खुद के अलावा सबके लिए काम करना ही सच्चा दान है। भारत में परोपकारी महापुरुषों की कोई कमी नहीं है। दधीचि जैसे ऋषि थे जिन्होंने अपने शरीर की हड्डियों को अपनी जाति के लिए दान कर दिया था। बुद्ध, महावीर, अशोक, गांधी जैसे महापुरुषों का जीवन दान के कारण ही महान हुआ है।

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। **(३अंक)**

१) पेड़ दूसरों के लिए _______ देते हैं।

२) मानव जीवन भी एक दूसरे के _______ पर निर्भर है।

३) दान का सुख लौकिक नहीं, ________ है।

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही पर्याय चुनकर लिखिए। **(२अंक)**

१) परोपकार का शाब्दिक अर्थ क्या है?

I) दूसरों का भला करना II) अपना भला करना III) अपने परिवार का भला करना

२) भारत में किन की कमी नहीं है?

I) परोपकारी पेड़ों की II) परोपकारी महापुरूषों की III) परोपकारी फूलों की

ग) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(१अंक)**

१) परोपकारी लोग दूसरों के कल्याण के लिए किसका संचय करते हैं?

प्रश्न४) क) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए। **(२अंक)**

१) कृषक = २) दोस्त =

ख) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए। **(२अंक)**

१) बात = २) रंगोलियाँ =

ग) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। **(३अंक)**

१) ईश्वर में आस्था रखने वाला =

२) जो सदा सत्य बोले =

३) जो कभी न मरे =

घ) निम्नलिखित वाक्य में से क्रियाविशेषण शब्द पहचान कर लिखिए। **(३अंक)**

१) राधा अचानक आ गई ।

२) मानसी अध्यापिका की बातें ध्यानपूर्वक सुन रही है।

३) राहुल इधर-उधर मत घूम।

प्रश्न५) मुद्दों के आधार पर कहानी लेखन लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए तथा सीख लिखिए। **(५अंक)**

* किसान --- उसकी स्त्री को धनी होने की कल्पना --- परी के दर्शन --- दो वरदान माँगने को कहना --- किसान की स्त्री का लोभ --- गहनों का शौक, “हाथ सोने का बना दो” --- हाथ रुक जाना --- तकलीफ --- दूसरा वरदान माँगना, “हाथ पहले जैसा बना दो।” परी का उड़ जाना --- सीख।

<u>अथवा</u>

प्रश्न५) निम्नलिखित विषय पर पत्रलेखन लिखिए। **(५अंक)**

* अपने प्रधानाचार्या को बस सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए।